# NBT (Hindi)

Date: 15/02/2022

## आईटीएस में हुआ ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**एनबीटी न्यूज, मुरादनगर :** दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में सोमवार को बीडीएस का 22वां ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। पहले दिन नए छात्रों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति डॉ. अरुण के. सिंह और मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. हृदय शंकर सिंह व आईटीएसी के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस मौके पर डॉ. अरुण के सिंह ने कहा कि हमारे देश में हर तीसरा व्यक्ति दंत रोग से ग्रस्त है। इसलिए दंत चिकित्सक की जिम्मेदारी समाज के लिए काफी महत्वपूर्ण है। डॉ. हृदय शंकर सिंह ने कहा कि मेडिकल की पढ़ाई का उद्देश्य केवल व्यवसाय चलाना नहीं, समाज की सेवा करना ही डॉक्टर का परम कर्तव्य होता है। इस मौके पर कॉलेज के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के अलावा सुरेंद्र सूद, श्रीनाथ ठाकुर, प्रधानाचार्य डॉ. देवीशरण शेट्टी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# Hindustan (Hindi)

Date: 15/02/2022

## फूल देकर नए छात्रों का स्वागत

मुरादनगर। दिल्ली मेरठ मार्ग पर आईटीएस डेंटल कॉलेज में सोमवार को बीडीएस का 22 वां ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले दिन छात्रों को फूल देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति डॉ. अरुण के सिंह व मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. हृदय शंकर सिंह व आईटीएसी के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वजलन करके किया। डॉ. अरुण के सिंह ने नये छात्रों को मेड़िकल क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए बधाई दी। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वह अपने आप को दंत चिकित्सा के क्षेत्र मे विकसित करें एवं मरीजों का सम्मान करें।

दैनिक भास्कर

Date: 14/02/2022

## मोदीनगर... बीडीएस का 22 वां ओरिएंटेशन कार्यक्रम:

# मेडिकल के छात्रों का उद्देश्य व्यवसायिक गतिविधि चलाना नहीं बल्कि समाज सेवा होना चाहिए: कुलपति

मोदीनगर 17 घंटे पहले




दिल्ली-मेरठ मार्ग पर आईटीएस डेन्टल कॉलेज में सोमवार को बीडीएस का 22 वां ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले दिन छात्रों को फूल देकर उनका स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति डॉ. अरुण के सिंह व मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. हृदय शंकर सिंह व आईटीएस के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलन करके किया।

इस मौके पर डॉ. अरुण के सिंह ने नए छात्रों को मेडिकल क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज देश में हर तीसरे व्यक्ति दंत रोग से ग्रस्त है, इसलिए दंत चिकित्सक की जिम्मेदारी समाज के लिए काफी महत्वपूर्ण है।



उन्होंने सभी छात्रों को सलाह दी कि वह अपने आप को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में विकसित करें एवं मरीजों का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि मैं आशा करता हूं कि अगले साल विश्वविद्यालय द्वारा घोषित मेरिट लिस्ट में शामिल छात्रों से मिला जाए। आप पढ़ाई मेहनत व लगने के साथ करें।

इसके अलावा डॉ. हृदय शंकर सिंह ने कहा कि छात्रों को मेडिकल पढ़ाई करने के बाद छात्रों का उद्देश्य व्यवसायिक गतिविधि चलाना नहीं होना चाहिए, बल्कि समाज की सेवा करना ही हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए।

इस मौके पर कॉलेज के चैयरमैन आरपी चड्ढा व वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने भी संबोधित किया। कॉलेज में प्रवेश लेने वाले नए छात्रों को फूल देकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर सुरेन्द्र सूद, श्रीनाथ ठाकुर ,प्रधानाचार्य डॉ. देवीशरण शेट्टी सहित सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

National Press Times

National Hindi Dainik News Paper & Web Portal

Date: 15/02/2022

# आईटीएस डेन्टल कॉलेज मे बीडीएस ओरिएन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन



**एनपीटी ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** आईटीएस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर में गत वर्षो की भाँति 22वाँ बीडीएस 2021-25 सत्र के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम किया गया।आईटीएस डेंटल कॉलेज के अभी तक के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थी दंत चिकित्सक के रूप में देश और विदेश में कार्यरत है।ओरिएंटेशन कार्यक्रम का प्रारम्भ विशिष्ट अतिथि प्रो (डॉ) अरूण के सिंह,कुलपति,अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय,लखनऊ, और डॉ हृदय शंकर सिंह,कुलपति,माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर तथा आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन,डॉ आरपी चड्ढा,वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा एवं डायरेक्टर पीआर,सुरिन्द्र सूद तथा संस्थान के डायरेक्टर पीजी कोर्सेज,डॉ श्रीनाथ ठाकुर और प्रधानाचार्य, डॉ देवी चरण शेट्टी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती वंदना के साथ किया गया।प्रो अरुण छात्रों से कहा कि बीडीएस को चुनकर सही निर्णय लिया। उन्होंने सभी छात्रों को सलाह दी कि वह अपने आप को दंत चिकित्सा के क्षेत्र मे विकसित करें।उनके अनुसार आईटीएस डेन्टल कॉलेज,गाजियाबाद शिक्षण के क्षेत्र में अपने उद्देश्यों पर खरा उतरेगा एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय लखनऊ।

# Hind Atma

Date: 15/02/2022

# आईटीएस डेन्टल कॉलेज मे बीडीएस ओरिएन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन

हिन्द आत्मा संवाददाता






**गाजियाबाद।** आईटीएस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर में गत वर्षो की भाँति 22वाँ बीडीएस 2021-25 सत्र के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम किया गया। आईटीएस डेंटल कॉलेज के अभी तक के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थी दंत चिकित्सक के रूप में देश और विदेश में कार्यरत है।ओरिएंटेशन कार्यक्रम का प्रारम्भ विशिष्ट अतिथि प्रो (डॉ) अरूण के सिंह,कुलपति,अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय,लखनऊ, और डॉ हृदय शंकर सिंह, कुलपति, माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर तथा आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा, वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा एवं डायरेक्टर पीआर, सुरिन्द्र सूद तथा संस्थान के डायरेक्टर पीजी कोर्सेज,डॉ श्रीनाथ ठाकुर और प्रधानाचार्य, डॉ देवी चरण शेट्टी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। प्रो अरुण छात्रों से कहा कि बीडीएस को चुनकर सही निर्णय लिया। उन्होंने सभी छात्रों को सलाह दी कि वह अपने आप को दंत चिकित्सा के क्षेत्र मे विकसित करें। उनके अनुसार आईटीएस डेन्टल कॉलेज,गाजियाबाद शिक्षण के क्षेत्र में अपने उद्देश्यों पर खरा उतरेगा एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय लखनऊ का सबसे उच्च कोटि का संस्थान साबित होगा।अंत में उन्होंने आईटीएस मैनेजमेंट को बधाई दी।

कार्यक्रम के दूसरे विशिष्ट अतिथि डॉ हृदय शंकर सिंह ने बताया आईटीएस डेंटल कॉलेज,गाजियाबाद चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ का सबसे उच्च स्तरीय संस्थाओं में से एक है। उन्होंने बताया कि समाज की सेवा हमारा परम कर्तव्य होना चाहिये। अंत में उन्होंने देश के उभरते डॉक्टरों के लिए दंत चिकित्सा का एक अच्छा वातावरण बनाने के लिए संस्थान को बधाई भी दी। आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने बीडीएस मे प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनायें दी। उन्होंने बताया कि यह संसथान आज जो भी है उसमें सीनियर्स और अध्यापकों की एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है।कार्यक्रम का स्वागत भाषण सुरिन्द्र सूद,डायरेक्टर पीआर, आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि आईटीएस ग्रुप की स्थापना 1995 में हुई थी। उन्होंने छात्रों को संस्थान की परम्परा से भी अवगत कराया उन्होंने कहा कि शैक्षिक समूह के सभी परिसर (आईटीएस मोहन नगर, गाजियाबाद आईटीएस इंजीनियरिंग कॉलिज,ग्रेटर नोएडा एवं आईटीएस डेन्टल कॉलिज, ग्रेटर नोएडा) समूह में सात सौ से अधिक योग्य तथा अनुभवी शिक्षकों द्वारा आठ हजार से ज्यादा छात्रों को चार परिसरो में विभिन्न पाठयक्रमो में शिक्षा प्रदान करता है इसके बाद संस्थान के डायरेक्टर पीजी कोर्सेज डॉ श्रीनाथ ठाकुर ने नवीन छात्रों को रोगियों को विश्व स्तरीय देखभाल प्रदान करने के लिये दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नवीनतम सफलताओं के साथ अध्ययनरत रहते संस्थान के लक्ष्य के बारे में जानकारी दी। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ देवी चरण शेट्टी ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया और छात्रों का अनुभवी शिक्षकों से परिचय कराया तथा वूमैन सेल, कोर्डीनेटर और एंटी रैगिंग कमेटी जैसी लाभकारी सुविधाओं के विषय में जानकारी दीं। सभी विद्यार्थियों के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र भी किया गया। जहाँ प्रत्येक छात्र ने अपनी रूचि के विषय के बारे में संक्षिप्त चर्चा के साथ अपना परिचय दिया। अंत मे कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस सफल कार्यक्रम को आयोजित करने के लिये सभी विद्यार्थियों ने आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।